# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** | **GRADE – III** | **M.M:80**

### खंड – क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **(5×2=10)**

आरव को पुस्तकों से बहुत प्रेम था। वह प्रतिदिन विद्यालय की पुस्तकालय से एक नई पुस्तक लेकर आता और उसे समय पर पढ़कर वापस कर देता। एक दिन उसे जंगल के जानवरों पर आधारित एक रोचक पुस्तक मिली। पुस्तक पढ़कर उसे जानवरों की आदतों और उनके रहने के स्थानों के बारे में बहुत-सी नई बातें पता चलीं। अगले दिन उसने अपनी कक्षा में अपने मित्रों के साथ यह जानकारी साझा की। अध्यापिका ने उसकी प्रशंसा की और कहा कि अच्छी पुस्तकें हमें ज्ञान के साथ-साथ अच्छे विचार भी देती हैं।

**प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

(क) आरव प्रतिदिन कहाँ से पुस्तक लाता था?

(ख) आरव को किस विषय पर आधारित पुस्तक मिली?

(ग) पुस्तक पढ़कर आरव को कौन-सी नई बातें पता चलीं?

(घ) अध्यापिका ने आरव की प्रशंसा क्यों की?

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

### खंड – ख

**2. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर उसके बारे में 5 वाक्य लिखिए:-** **(5×1=5)**



**3. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए:** **(5×1=5)**

(क) दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र।
(ख) विद्यालय में खेल-कूद बढ़ाने के लिए पत्र।

## खंड ग

**4.** सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखें | **(2×1=2)**

**5. सही उत्तर पर (✓) लगाइए।** **(6×2=12)**

(क) इनमें से कौन-सा भाववाचक संज्ञा है?

i) प्यार ii) बस्ता iii) मिठाई iv) कुर्सी

(ख) इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

i)चुहिया ii) मोरनी iii) बाघ iv) शेरनी

(ग) कौन-से महीने के बाद जून आता है?

i) जुलाई ii)मई iii) अप्रैल iv) दिसम्बर

(घ) 'फूल पर ____ बैठी है।'

i)लड़का ii) तितली iii) तितलियाँ iv) खिलौना

(ङ) 'मैं स्कूल जाता हूँ।' इसमें सर्वनाम शब्द कौन-सा है?

i) जाता ii) स्कूल iii) मैं iv) हूँ

(च) प्रश्न पूछने के लिए कौन-सा विराम चिह्न लगाया जाता है?

i)। ii) , iii) ? iv) !

**6. "निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |** **(6×2=12)**

(क) _____ हमारी मैडम हैं। ( व्यक्ति का नाम)

(ख) '**मालिन** फूल बेच रही है।' (लिंग बदलो)

(ग) '**मिठाई**' और '**बहन**' के बहुवचन लिखिए।

**(घ) रेखांकित नाम के स्थान पर सर्वनाम लिखिए।**

i) <u>पापा</u> क्या कर रहे हैं?

ii) <u>सीता और गीता</u> बहनें हैं।

**(ङ)** अगर आज बुधवार है, तो दो दिन बाद कौन-सा दिन होगा?

**(च) विराम चिह्न लगाकर वाक्य लिखिए:**

1) क्या तुम मेरे दोस्त हो
2) बच्चो खाना खा लो

7. किसी चार महीनों के नाम लिखिए। **(4×1=4)**

**खंड – घ**

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **(6×3=18)**

(क) यदि जया की तरह आपकी कोई दोस्त होती / होता , तो उसका ध्यान कैसे रखेंगे?

(ख) बिल्लू के बारे में दो वाक्य लिखिए।

(ग) यदि मई पैसों की बचत नहीं करता तो क्या होता?

(घ) कैसे पता चलता है कि सुबह हो गई है?

(ङ) दादा जी बालकनी में चुपचाप क्यों बैठे थे?

(च) आपको सुबह का समय कैसा लगता है और क्यों?

**9. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :-** **(6×1=6)**

कलियाँ, मज़ेदार, चुंबक ,हथौड़ी , पिटारा , खुशबू

**10. वाक्य बनाओ :-** **(6×1=6)**

हथौड़ी, दूरबीन, चश्मा, जेबखर्च, , घुँघरू , गुलदस्ता.